# इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस

**स्रोत: पी.आई.बी.**

इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस (IBCA) आधिकारिक रूप से 23 जनवरी 2025 को भारत में मुख्यालय के साथ एक**संधि-आधारित अंतर-सरकारी संगठन और अंतर्राष्ट्रीय विधिक इकाई** बन गया।

## इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस ( IBCA) क्या है?

- **परिचय:** IBCA का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2023 में प्रोजेक्ट टाइगर की 50वीं वर्षगांठ पर किया गया था और फरवरी 2024 में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा इसका औपचारिक अनुमोदन किया गया था।
- **कार्यान्वयन:** IBCA की स्थापना **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC)** के तहत राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) के माध्यम से की गई थी।
  - यह **संरक्षण विशेषज्ञता का साझाकरण** करने, **संरक्षण पहलों को वित्तपोषित करने** तथा **प्राविधिक ज्ञान का संग्रह** बनाने के लिये एक वैश्विक मंच के रूप में कार्य करता है।
- **उद्देश्य:** इस पहल का मुख्य उद्देश्य **बिग कैट की सात प्रमुख प्रजातियों का संरक्षण करना** है जिनमें बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, चीता, जगुआर और **प्यूमा** शामिल हैं।
- **सदस्यता:** निकारागुआ गणराज्य, एस्वातिनी साम्राज्य, भारत गणराज्य, सोमालिया संघीय गणराज्य और लाइबेरिया गणराज्य ने**IBCA रूपरेखा करार का अनुसमर्थन किया** है।
  - संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देश इसकी सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं, जिनमें वे रेंज देश भी शामिल हैं जहाँ ये प्रजातियाँ मूल रूप से पाई जाती हैं तथा वे नॉन-रेंज देश भी शामिल हैं जो बिग कैट के संरक्षण में सहयोग करने में रुचि रखते हैं।
- **IBCA की आवश्यकता: आवास की क्षति, अवैध शिकार, जलवायु परिवर्तन और मानव-वन्यजीव संघर्ष** के कारण बिग कैट खतरे में हैं।
  - **जनसंख्या में गिरावट को रोकने और नकारात्मक प्रवृत्तियों को उलटने के लिये वैश्विक स्तर** पर संरक्षण की आवश्यकता है।
- **वित्तपोषण:** भारत ने IBCA को 150 करोड़ रुपए (2023-2028) की सहायता देने का संकल्प लिया है तथा वह द्विपक्षीय, बहुपक्षीय और दाता संगठनों के माध्यम से अतिरिक्त वित्तपोषण की संभावना तलाश रहा है।

**संरक्षण प्रयासों में भूमिका:**

- **सहयोगात्मक संरक्षण मंच: IBCA** संरक्षणवादियों, नीति निर्माताओं, शोधकर्त्ताओं और सरकारों का एक वैश्विक नेटवर्क बनाता है।
  - आवास प्रबंधन, अवैध शिकार विरोधी रणनीतियों और पारिस्थितिकी बहाली में सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने की सुविधा प्रदान करता है।
- **वित्तीय एवं तकनीकी सहायता:** विश्व भर में संरक्षण परियोजनाओं के लिये एक **साझा वित्त पोषण पूल** के रूप में कार्य करता है।
  - कम संसाधन वाले देशों को **तकनीकी जानकारी और वैज्ञानिक अनुसंधान** प्रदान करता है।
- **मौजूदा समझौतों एवं पहलों को सुदृढ़ बनाना: CITES (लुप्तप्राय प्रजातियों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर अभिसमय), CMS (प्रवासी प्रजातियों पर अभिसमय)** और अन्य वन्यजीव संरक्षण संधियों के साथ काम करना।
  - इसका उद्देश्य **राष्ट्रीय और क्षेत्रीय बिग कैट संरक्षण कार्यक्रमों का समर्थन** करना है।
- **जलवायु परिवर्तन शमन और पारिस्थितिकी सुरक्षा:** बिग कैट जैसे शीर्ष शिकारियों का संरक्षण **स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र, जैवविविधता संरक्षण और जलवायु लचीलापन** सुनिश्चित करता है।
  - IBCA पहल के माध्यम से वनों और घास के मैदानों की बहाली से **कार्बन पृथक्करण और जलवायु अनुकूलन** में सहायता मिलेगी।

## राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA)

- NTCA, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत एक**वैधानिक निकाय** है, जिसकी स्थापना वर्ष 2005 में **टाइगर टास्क फोर्स की सिफारिशों** के बाद की गई थी और इसे **वन्यजीव (संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2006 की धारा 38L के तहत कानूनी दर्जा** प्राप्त हुआ।
- **उद्देश्य:** प्रोजेक्ट टाइगर को वैधानिक प्राधिकार प्रदान करना, बाघ रिज़र्व प्रबंधन में संघीय जवाबदेही सुनिश्चित करना तथा बाघ रिज़र्वों के आसपास स्थानीय आजीविका संबंधी चिंताओं का समाधान करना।

## भारत में बगि कैट के संरक्षण के प्रयास

- एशियाई प्रोजेक्ट लायन
- प्रोजेक्ट हमि तेंदुआ
- प्रोजेक्ट चीता
- वन्यजीव संरक्षण अधिनियिम, 1972
- राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (NBWL)
- प्रोजेक्ट टाइगर

**Habitat and Gestation Period of Big Cats**

| Big Cats | Habitat | Gestation Period (Days) |
|---|---|---|
| **Tiger** | Temperate, tropical and evergreen forests, mangrove and grasslands | 95-110 |
| **Cheetah** | Shrublands, grasslands, savannas and temperate to hot deserts | 90-95 |
| **Leopard** | Forests, subtropical and tropical regions, Savannas, deserts and rocky and mountainous regions | 90-105 |
| **Lion** | Open plains, dry thorn forests and grasslands | 100-110 |
| **Snow Leopard** | Northern and central Asia mountains. | 90-105 |

# इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस

इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस एक बहु-देशीय, बहु-एजेंसी गठबंधन है जिसका उद्देश्य बड़ी बिल्लियों (Big Cat) की प्रजातियों और उनके आवासों का संरक्षण करना है।



**लॉन्च किया गया**
भारत (2023)

**मुख्यालय**
भारत

**सदस्य देश**
**96** देश

**संरचना**
इसमें सदस्यों की सभा, स्थायी समिति और उनके सचिवालय शामिल हैं

## कार्य

- बड़ी बिल्लियों (बाघ, शेर, तेंदुए, हिम तेंदुए, प्यूमा, जगुआर और चीता) का भविष्य सुरक्षित करना
- जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों को कम करना
- नीतिगत पहलों का समर्थन करना
- संयुक्त राष्ट्र-अनिवार्य सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करना

## बड़ी बिल्लियों को खतरा

- अवैध शिकार से
- पर्यावास हानि और विखंडन से
- मानव-तेंदुआ संघर्ष से
- जलवायु परिवर्तन और निर्वनीकरण से

## बड़ी बिल्लियों की संरक्षण स्थिति

| प्रजातियाँ | वैज्ञानिक नाम | IUCN लाल सूची | स्थल | भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 |
|---|---|---|---|---|
| **बाघ** | पैंथेरा टाइग्रिस | संकटग्रस्त | परिशिष्ट-I | अनुसूची-I |
| **शेर** | पैंथेरा लियो | असुरक्षित | परिशिष्ट-I | अनुसूची-I |
| **तेंदुए** | पैंथेरा पार्डस | असुरक्षित | परिशिष्ट-I | अनुसूची-I |
| **हिम तेंदुए** | पैंथेरा अन्सिया | असुरक्षित | परिशिष्ट-I | अनुसूची-I |
| **प्यूमा** | प्यूमा कॉनकलर | कम चिंतनीय | परिशिष्ट-II (P. c. कोस्टारिकेंसिस (Costaricensis) और कूगर (Cougar): परिशिष्ट-I) | NA |
| **जगुआर** | पैंथेरा ओंका | निकट संकटग्रस्त | परिशिष्ट-I | NA |
| **चीता** | एसिनोनिक्स जुबेटस | असुरक्षित | परिशिष्ट-I | अनुसूची-I |

## भारत में अन्य संरक्षण प्रयास

- प्रोजेक्ट टाइगर (वर्ष 1973)
- एशियाई शेर पुनःप्रवेश परियोजना (वर्ष 2004)
- प्रोजेक्ट स्नो लेपर्ड (वर्ष 2009)
- प्रोजेक्ट चीता (वर्ष 2022)

Drishti IAS

## UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2019)**

1. एशियाई शेर प्राकृतिक रूप से सिर्फ भारत में पाया जाता है।
2. दो-कूबड़ वाला ऊँट प्राकृतिक रूप से सिर्फ भारत में पाया जाता है।
3. एक-सींग वाला गैंडा प्राकृतिक रूप से सिर्फ भारत में पाया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर : (a)**

---

**प्रश्न: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :**

1. सिंह की कोई विशिष्ट प्रजनन ऋतु नहीं होती है।
2. अधिकांश अन्य बड़ी बिल्लियों से भिन्न, चीता दहाड़ता नहीं है।
3. नर सिंह से भिन्न, नर तेंदुए गंध चिह्न द्वारा अपना क्षेत्र घोषित नहीं करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (a)**

---

**प्रश्न. निम्नलिखित पर विचार कीजिये: (2012)**

1. ब्लैक नेक क्रेन
2. चीता
3. उड़न गिलहरी
4. हिम तेंदुआ

उपर्युक्त में से कौन-से स्वाभाविक रूप से भारत में पाए जातें हैं?

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: (b)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/international-big-cat-alliance-3